# भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका

दि.२८/१२/२०२५

दै. सकाळ

# भिवंडीत १३ हजार मतदार सारखेच!

## नाव आणि फोटोमध्येही बदल नाही

ठाणे, ता. २६ : लोकसभा आणि विधानसभा निवडणुकीनंतर दुबार मतदारांचा विषय चांगलाच गाजत आहे. त्यात आगामी महापलिका निवडणुकीच्या पार्श्वभूमीवर विरोधकांनी दुबार मतदारवरून रान पेटविले आहे. आता महापालिका निवडणुकांच्या पार्श्वभूमीवर दुबार मतदारांचा विषय ऐरणीवर आल्यानंतर, भिवंडी महापलिका क्षेत्रातील पाच प्रभाग समितीमध्ये १३ हजार १७९ मतदार यांचे फोटो आणि नाव एकसारखी असल्याची बाब समोर आली आहे. या दुबार मतदारांना मतदानापासून रोखण्यासाठी महापालिकेने पावले उचलण्यास सुरुवात केली आहे. त्यानुसार दोन ठिकाणी नावे असलेल्या मतदारांनी त्यांना कोणत्या ठिकाणी मतदान करायचे आहे, त्यासंदर्भातील अर्ज भरून द्यावा लागणार असल्याची माहिती पालिका प्रशासनाने दिली.

भिवंडी महापालिकेने प्रारूप यादी जाहीर केली. त्यानंतर हरकती-सूचना दाखल करण्यासाठी दिलेल्या कालावधीत हरकती-सूचना प्राप्त होऊन त्यावर सुनावणी झाली. भिवंडी महापलिका क्षेत्रातील पाच प्रभाग समितीअंतर्गत २७ हजार ३९३ दुबार मतदार असल्याचे सुरुवातीला आढळले.

यामध्ये नाव एकसारखे असलेले व फोटो मात्र वेगळे असलेले सहा हजार ८५२ मतदार असल्याचे त्यात दिसले, तर सहा हजार ५०७ दुबार मतदारांचा प्रभाग समिती कार्यालयात शोध घेण्यात येणार आहे. असे असले तरी, दुसरीकडे भिवंडी पालिका क्षेत्रात १३ हजार १७९ मतदारांचे फोटो आणि नाव एकसारखे असल्याची बाब समोर आली आहे. या दुबार मतदारांना मतदानापासून रोखण्यासाठी महापालिकेने पावले उचलण्यास सुरुवात केली आहे.

# भिवंडी मनपा के स्वीप कक्ष द्वारा मतदान जनजागृति कार्यक्रम



**भिवंडी :** भिवंडी मनपा सार्वत्रिक चुनाव 2025–2026 के अंतर्गत मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप (SVEEP) कक्ष के माध्यम से मतदान जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम मनपा स्कूल क्रमांक 44 टेमघर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनपा आयुक्त अनमोल सागर, अतिरिक्त आयुक्त नयना ससाणे तथा स्वीप कक्ष के नोडल अधिकारी श्रीकांत परदेशी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी कल्पना तलपाड़े और राहुल नाडेकर , भिवंडी मनपा के स्कूल क्रमांक 44 टेमघर की मुख्याध्यापिका प्राजक्ता प्रदीप परब, सहशिक्षक प्रमोद सूर्यवंशी तथा अन्य स्कूलों के सहकारी शिक्षक सत्यनारायण गोलापेल्ली, सुनील बोंबेरे, राजेंद्र सालवे और संजय गोदके ने सक्रिय सहभाग लिया।

Scanned with OKEN Scanner

# भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका

दि.२७/१२/२०२५

दै. आपलं महानगर

## मतदार याद्या प्रसिद्धीसाठी ३ जानेवारीपर्यंत मुदतवाढ

**मुंबई :** राज्य निवडणूक आयोगाने मतदान केंद्रनिहाय मतदार यादी जाहीर करण्याबाबत शुक्रवारी सुधारित कार्यक्रम जाहीर केला. त्यानुसार सर्व महापालिकांना दुबार मतदार व मतदान केंद्रनिहाय मतदार यादीचे कंट्रोल चार्ट संकेतस्थळावर प्रसिद्ध करण्यासाठी २७ डिसेंबर २०२५ पर्यंत मुदत दिली आहे. तर, मतदान केंद्रनिहाय मतदार यादी प्रसिद्धीसाठी २७ डिसेंबरऐवजी ३ जानेवारी २०२६ पर्यंत मुदतवाढ दिली आहे. महापालिकानिहाय मतदारयादी पूर्ण होईल तसतशी प्रसिद्ध करावी, असेही आदेशात म्हटले आहे.

दै. तरुण भारत

## मतदारयाद्या प्रसिद्ध करण्यासाठी मुदतवाढ

**मुंबई :** 'महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक २०२५-२६'च्या अनुषंगाने मतदान केंद्रनिहाय मतदारयादी जाहीर करण्याबाबत राज्य निवडणूक आयोगाने शुक्रवार, दि. २६ डिसेंबर रोजी सुधारित कार्यक्रम जाहीर केला. केंद्रनिहाय याद्या प्रसिद्ध करण्यासाठी शनिवार, दि. ३ जानेवारीपर्यंत मुदतवाढ दिली आहे. आयोगाने सर्व दिलेल्या सुचनेनुसार, दुबार मतदार आणि मतदान केंद्रनिहाय मतदारयादीचे कंट्रोल चार्ट संकेतस्थळावर प्रसिद्ध करण्यासाठी शनिवार, दि. २७ डिसेंबरपर्यंत मुदत दिली आहे. केंद्रनिहाय मतदारयादी प्रसिद्ध करण्यासाठी दि. ३ जानेवारीपर्यंत मुदतवाढ दिली आहे. महानगरपालिकानिहाय संपूर्ण मतदारयादी जसजशी पूर्ण होईल, तसतशी प्रसिद्ध करावी, असेही आदेशात नमूद केले आहे.

Scanned with OKEN Scanner

# भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका

दि. २०/१२/२०२५

दै० हमारा महानगर

# भिवंडी-निजामपुर में चुनावी सरगर्मी बढ़ी

**तीसरे दिन 515 नामांकन फॉर्म बिके**

**सिर्फ छह नामांकन दाखिल**

महानगर संवाददाता

भिवंडी

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के सार्वत्रिक चुनाव 2025-26 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। 26 दिसंबर को जारी निर्वाचन विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शहर के सात निर्वाचन निर्णय अधिकारियों के कार्यालयों से कुल 515 नामांकन फॉर्म बेचे गए, जबकि केवल 6 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तीसरे दिन सबसे अधिक नामांकन फॉर्म निर्वाचन निर्णय अधिकारी क्रमांक-3 के क्षेत्र में बिके, जहां 134 फॉर्मों की बिक्री दर्ज की गई। इसके बाद क्रमांक-2 क्षेत्र में 100, क्रमांक-5 में 72, क्रमांक-7 में 60, क्रमांक-1 में 52, क्रमांक-6 में 49 और क्रमांक-4 क्षेत्र में 38 नामांकन




फॉर्म बेचे गए। हालांकि नामांकन फॉर्मों की संख्या के मुकाबले नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या काफी कम रही। तीसरे दिन कुल 6 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जबकि कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। इससे यह संकेत मिलता है कि कई इच्छुक उम्मीदवार फिलहाल चुनावी रणनीति तय करने में जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 496 उम्मीदवारों ने फॉर्म खरीदे थे। दूसरे दिन 556 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदे, जबकि इसी दिन केवल एक उम्मीदवार ने नामांकन अर्ज दाखिल किया था। अब तक कुल 1567 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदे हैं, वहीं सिर्फ 7 उम्मीदवारों ने नामांकन अर्ज दाखिल किए हैं। आने वाले दिनों में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम चरण में नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### समाजवादी पार्टी में बगावत की आहट ..

**उम्मीदवारों की भीड़ से साख पर सवाल, 298 दावेदारों ने बढ़ाई पार्टी की परेशानी**

भिवंडी महानगरपालिका चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के भीतर उथल-पुथल खुलकर सामने आ गई है। 90 सीटों वाली भिवंडी मनपा के लिए सपा से अब तक कुल 298 लोगों ने उम्मीदवार बनने के लिए आवेदन किए हैं, जिससे पार्टी नेतृत्व की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार, इनमें से 199 आवेदन भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं, जबकि भिवंडी पश्चिम से केवल 59 लोगों ने फार्म भरे हैं। गुरुवार देर शाम तक कुल 137 उम्मीदवारों ने अपने फार्म जमा किए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में दावेदारों का सामने आना पार्टी के भीतर गहरे असंतोष और गुटबाजी की ओर इशारा करता है। सूत्रों के अनुसार, टिकट वितरण को लेकर पार्टी नेतृत्व पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और निर्णय प्रक्रिया जटिल होती जा रही है। कई दावेदारों ने टिकट को लेकर खुलकर नाराजगी जताई है, जिससे सपा की आंतरिक एकजुटता और साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेष रूप से भिवंडी पूर्व से भारी संख्या में आए आवेदन यह संकेत देते हैं कि पार्टी का अंदरूनी संघर्ष नियंत्रण से बाहर होने की स्थिति में है।

दै० नवभारत

# किसे नसीब होगी भिवंडी मेयर की कुर्सी

■ भिवंडी, (सं.) महानगर पालिका चुनाव का शंखनाद होते ही तमाम राजनैतिक दलों ने नगरसेवकों के साथ-साथ भिवंडी शहर का प्रथम नागरिक महापौर पद को लेकर संभावित दलों से युति पर चर्चा शुरू कर दी है. 2002 में हुए पहली बार भिवंडी मनपा चुनाव में कांग्रेस पूर्व सांसद सुरेश टावरे को भिवंडी शहर का प्रथम नागरिक महापौर होने का गौरव हासिल हुआ था. भिवंडी मनपा के 2 बार कांग्रेस पार्टी से मेयर चुने गए जावेद दलवी सहित कोणार्क विकास आघाडी प्रमुख पूर्व महापौर विलास आर पाटिल और पूर्व महापौर प्रतिभा विलास पाटिल मनपा चुनाव जीतकर मनपा महापौर बनने को लालायित हैं, अन्य दमदार प्रत्याशी भी चुनाव जीतने के बाद महापौर कुर्सी का गणित बिठाते घूम रहे हैं.

### प्रशासक राज में धीमी पड़ी विकास की रफ्तार

गौरतलब हो कि भिवंडी मनपा का आम चुनाव 15 जनवरी, एवं मतगणना 16 जनवरी को है. भिवंडी मनपा 2002 में अस्तित्व में आने के उपरांत लोकतंत्र की मजबूती के लिए पांचवी बार मनपा चुनाव सम्पन्न होने जा रहा है. विभिन्न कारणों से मनपा चुनाव टलने से सरकार ने भिवंडी मनपा में प्रशासक नियुक्त किया. प्रबुद्ध नागरिकों का आरोप है कि मनपा प्रशासक राज में शहर विकास की गति बेहद धीमी हुई. इसके बावजूद लोगों की गाढ़ी कमाई का टैक्स का पैसा भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों ने डकार कर मनपा तिजोरी को खाली कर दिया है. सूत्रों की मानें तो पूर्व कांग्रेसी मेयर जावेद दलवी कांग्रेस पार्टी को टाटा, बाय बाय कर भिवंडी विकास आघाडी से करीब दर्जन भर प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारकर मेयर बनने की कसरत में जुटे हैं. भिवंडी में पूर्व मेयर दलवी का खासा दबदबा है और वे उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खासमखास माने जाते हैं. राजनीतिक जानकारों की मानें तो, पूर्व महापौर दलवी को चुनाव में शिवसेना भरपूर सहयोग कर महापौर बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है. महापौर पद के दूसरे प्रबल दावेदार कोणार्क विकास आघाडी से 2 बार मेयर का चुनाव बेहद जादुई तरीके से जीतने वाले पूर्व महापौर विलास आर पाटिल भी पूरी ताकत झोंक कर तीसरी बार भी शहरवासियों को चौंका सकने में सक्षम हैं. भिवंडी में अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने प्रत्याशियों को लेकर पूरी तरह अपने पत्ते नहीं खोलकर सस्पेंस बना कर रखा है. भाजपा, सेना मिलकर 40 से अधिक संभावित प्रत्याशियों का इंटरव्यू कर चुकी है.



### भिवंडी में तीसरे दिन 6 नामांकन

भिवंडी. मनपा आम चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा तीसरे दिन 6 नामांकन पत्र दाखिल किये गये. मनपा द्वारा बनाए गए 7 चुनाव निर्णय अधिकारी कार्यालय से कुल 515 नामांकन फार्मों की बिक्री होने की जानकारी है. प्रत्याशियों का कहना है कि, किसी भी दल में युति नहीं होने से संभ्रम है. अधिकतर नगरसेवक शुभ मुहूर्त में नामांकन दाखिल करने के फिराक में रुके हुए हैं. आगामी सोमवार, मंगलवार को अधिकतम नामांकन पत्र संबंधित चुनाव निर्णय अधिकारी के समक्ष प्रत्याशी दाखिल करेंगे.

Scanned with OKEN Scanner